This question paper contains 8 printed pages. Roll No. 107395

**UG0202-ABS-64T-202**

# Three/Four Year B.Com. IV Semester EXAMINATION- MAY 2025

## (Faculty of Commerce)

## Income Tax Laws And Practices

**Time Allowed : Three Hours** **Maximum Marks: 120**

समय : तीन घण्टे अधिकतम अंक : 120

*No supplementary answer-book will be given to any candidate. Hence the candidates should write the answers precisely in the main answer-book only.*

*किसी भी परीक्षार्थी को पूरक उत्तर पुस्तिका नहीं दी जाएगी। अतः परीक्षार्थियों को चाहिए कि वे मुख्य उत्तर–पुस्तिका में ही समस्त प्रश्नों के उत्तर लिखें।*

*Answers of short answer type questions must be given in sequential order. Similarly all the parts of one question of descriptive part should be answered at one place in the answer-book.*

*लघुत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर, प्रश्नों के क्रमानुसार ही देवें। इसी प्रकार किसी भी एक वर्णनात्मक प्रश्न के अन्तर्गत पूछे गए विभिन्न प्रश्नों के उत्तर, उत्तर–पुस्तिका में अलग–अलग स्थानों पर हल करने के बजाय एक ही स्थान पर क्रमानुसार हल करें।*

***Write your roll number on question paper before answering of the questions.***

**प्रश्नो के उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न पत्र पर रोल नम्बर अवश्य लिखिए।**

*Question paper consists of three parts of A, B and C*

*प्रश्न पत्र में तीन भाग अ, ब और स होंगें ।*

***Part-A- 20 Marks*** *भाग–अः 20 अंक*

*Part-A of the paper will be compulosry having 10 very short answer type questions of 2 marks each.The first question shall be based on knowledge, understanding the applications of the topics/texts covered in the syllabus.* (Word limit 20)

*प्रश्न पत्र में दो अंक के 10 अति लघु उत्तरीय प्रश्न (20 शब्दों की सीमा के साथ) अनिवार्य होंगे। पहला प्रश्न पाठ्यक्रम में शामिल ज्ञान, समझ और अनुप्रयोगों पर आधारित होगा।* (शब्द सीमा 20)

***Part-B- 20 Marks*** *भाग–बः 20 अंक*

*Part-B of the paper shall be consist of 4 short answer questions selecting one question from each unit of 10 marks. Attempt any two.* (Word limit 150)

*प्रश्न पत्र के भाग–ब में प्रत्येक इकाई में से एक प्रश्न लेते हुए 10 अंकों के 4 लघुउत्तरीय प्रश्न होगें, जिसमें से विद्यार्थियों को किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर देना होगा।* (शब्द सीमा 150)

***Part-C:80 Marks*** *भाग–सः80 अंक*

*Part-C of the paper shall be consist of 4 unit carrying 1 descriptive question with internal choice. Students shall attempt 1 question from each unit. Each question carries 20 marks.* (Word limit 300)

*प्रश्न पत्र के भाग–स में 4 इकाइयाँ होगी प्रत्येक इकाई से आंतरिक विकल्प के साथ 1 वर्णनात्मक प्रश्न होगा। विद्यार्थियों को प्रत्येक इकाई से 1 प्रश्न का चयन करते हुए उत्तर देना होगा। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का होगा।* (शब्द सीमा 300)

## Part-A/भाग–अ

1. Answer all the questions in maximum 20 words each. Each questions Carries 2 marks: [10×2=20]

सभी प्रश्नों का उत्तर अधिकतम 20 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है:

(i) Define direct tax.

प्रत्यक्ष कर की परिभाषा दीजिए।

(ii) Shri Devesh owns some tea garden in Darjeeling. He manufactures tea and earned Rs. 75,000 during the previous year. Calculate agriculture income.

श्री देवेश के पास दार्जिलिंग में चाय के बगीचे है। वह चाय का निर्माण करता है तथा उसे गत वर्ष में 75,000 रू की आय हुई। कृषि आय की गणना कीजिए।

(iii) In which head remuneration of assessment of answer-books received by university professor from university is taxable and why?

विश्वविद्यालय के प्रोफेसर को परीक्षक के रूप में विश्वविद्यालय से प्राप्त पारिश्रमिक किस शीर्षक की आय माना जाता है और क्यों?

(iv) Write any one dedcution allowed from the annual value of a house property.

मकान सम्पत्ति के वार्षिक मूल्य में से दी जाने वाली किसी एक कटौती को बताइए।

(v) Write the names of any two assets on which depreciation rebate is not allowed.

किन्हीं दो सम्पत्तियों के नाम लिखिए जिन पर ह्रास छूट नहीं दी जाती है।

(vi) What is a capital gain?

पूँजी लाभ किसे कहते हैं।?

(vii) Amount received on 5th october, 2024 as first prize from Rajasthan state lottery Rs. 8,40,000 Calcualte taxable amount.

राजस्थान स्टेट लॉटरी का प्रथम पुरस्कार, 5 अक्टूबर, 2024 को 8,40,000 रूपये प्राप्त हुआ। कर योग्य राशि बताइए।

(viii) For how many years can business loss be carried forward to be set against future profits?

व्यापारिक हानियों को भावी लाभों से पूर्ति करने के लिए कितने वर्षों तक आगे ले जाया जा सकता है?

(ix) How much amount can be allowed as deduction under section 80 TTA in respect of interest on deposits?

जमाओं के ब्याज के सम्बन्ध में धारा 80 TTA की कटौती कितनी राशि की दी जा सकती है?

(x) At what rate will the deduction of tax at source be made from lottery and crossword puzzles?

लॉटरी तथा वर्ग पहेली से आय पर उद्गम स्थान पर कर की कटौती किस दर से की जाएगी?

## Part-B/भाग–ब

2. Answer any two questions in maximum 150 words each. Each question carries to 10 marks:-

[10×2=20]

किन्ही दो प्रश्नो का उत्तर अधिकतम 150 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक ह

(a) During the financial year 2024-25 Ram chandra had the following taxable income-

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (i) | Salary income received in India for the service rendered in Pakisthan (computed) | 1,00,000 |
| (ii) | Income from profession in India, but received in Japan. | 30,000 |
| (iii) | Property income in Malaya, (out of which Rs. 30,000 was remitted to India) | 60,000 |
| (iv) | Profits earned from business in Indore. | 50,000 |
| (v) | Agricultural income in Keneeya. | 1,00,000 |
| (vi) | Profits from a business carried on at Nepal but controlled from India | 2,00,000 |
| (vii) | Past untaxed Profits remitted to India during the previous year from U.S.A. | 1,00,000 |

Compute the total Income of Ram chandra for the Assessment year 2025-26 if he is (i) Resident (ii) Not ordinarily resident, and (iii) Non-resident in India.

गत वर्ष 2024-25 वित्तीय वर्ष में श्री रामचन्द्र की निम्न कर–योग्य आयें थी–

| | | |
|---|---|---|
| (i) | पाकिस्तान में दी गई सेवाओं के लिए भारत में प्राप्त वेतन (आकलित) | 1,00,000 |
| (ii) | भारत में पेशे से आय परन्तु जापान में प्राप्त की गई | 30,000 |
| (iii) | मलाया में सम्पत्ति से आय (जिसमें से 30,000 रू भारत में भेजे गए) | 60,000 |
| (iv) | इंदौर में व्यापार से अर्जित लाभ | 50,000 |
| (v) | कीनिया में कृषि से आय | 1,00,000 |
| (vi) | नेपाल में चलाये जाने वाले व्यापार से लाभ जिसका नियन्त्रण भारत से होता है | 2,00,000 |
| (vii) | गतवर्ष में संयुक्त राज्य अमेरिका से भारत लाये गये भूतकालीन लाभ जिन पर पहले भी कर नहीं लगा था। | 1,00,000 |

कर निर्धारण वर्ष 2025–26 के लिए रामचन्द्र की कुल आय की गणना कीजिए यदि वह भारत में (i) निवासी हो; (ii) असाधारण निवासी हो; एवं (iii) अनिवासी हो।

(b) How is the annual value of a let out house property calculated?

किराए पर उठाये गए मकान के वार्षिक मूल्य की गणना किस प्रकार की जाती है?

(c) Distinguish between Short-term and Long-term capital gains.

अल्पकालीन पूँजी लाभ एवं दीर्धकालीन पूँजी लाभ में अन्तर बताइए।

(d) On what dates are the instalments of advance tax due?

किस–किस तिथि को अग्रिम कर की किस्तें देय होती है?

**Part-C/भाग–स**

Attempt one question from each unit. Each question carries 20 marks.

प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न का चयन करते हुए उत्तर देना है। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का होगा।

**Unit-I/इकाई-I**

3. What are the different categories in which an individual assesee can be divided with regards to residence? Explain in brief. ?

व्यष्टि करदाता को निवास स्थान के आधार पर कितनी श्रेणियों में विभक्त किया जा सकता है? संक्षिप्त में वर्णन कीजिए।

12902535

## OR/अथवा

On the basis of following information, compute the gross income from salary of Mr. Rakesh for the assessment year 2025-26 if he opts for news tax regime:

(i) Basic Pay @ Rs. 20,000 per month. He took 3 month basic salary in advance on 28th Feb, 2025.

(ii) Dearness allowance @ Rs. 3,000 per month.

(iii) Entertainment allowance @ Rs. 2,000 per month.

(iv) Tribal area allowance @ Rs. 2,000 per month.

(v) Hill area compensatory allowance @ Rs. 2,500 per month.

(vi) Children Education Allowance for three children @ Rs. 210 per month.

(vii) Allowance to meet hostel expenditure of three children @ Rs. 510 per month.

(viii) Transportation allowance @ Rs. 2,000 per month for commutation between office and residence His. actual expenditure is Rs. 600 per month

He is employed at a place in Udaipur district of Rajasthan Province which is 1100 meter high above the sea level.

निम्न सूचनाओं के आधार पर कर निर्धारण वर्ष 2025–26 के लिए श्री राकेश की वेतन शीर्षक की सकल आय की गणना कीजिए यदि वे नई वैकल्पिक कर व्यवस्था का चयन करते है

(i) मूल वेतन 20,000 रू. प्रतिमाह। 28 फरवरी, 2025 को उन्होने 3 माह का मूल वेतन अग्रिम प्राप्त किया।

(ii) मँहगाई भत्ता 3,000 रू. प्रतिमाह

(iii) मनोरंजन भत्ता 2,000 रू. प्रतिमाह

(iv) जनजाति–क्षेत्र भत्ता 2,000 रू. प्रतिमाह

(v) पर्वतीय क्षेत्र क्षतिपूरक भत्ता 2,500 रू. प्रतिमाह

(vi) उनको 210 रू. प्रतिमाह तीन बच्चों के लिए बाल शिक्षा भत्ता प्राप्त होता है।

(vii) उनको 510 रू. प्रतिमाह तीन बच्चों के होस्टल व्ययों की पूर्ति हेतु भत्ता प्राप्त होता है।

(viii) घर से कार्यालय जाने–आने हेतु उनको 2,000 रू. प्रतिमाह परिवहन भत्ता प्राप्त होता है उसका वास्तविक व्यय 600 रू. प्रतिमाह है।

वे राजस्थान प्रान्त के उदयपुर जिले में ऐसे स्थान पर कार्यरत हैं जिसकी ऊंचाई समुद्र तल से 1100 मीटर है।

**Unit-II/इकाई-II**

4. Following information are available regarding two house properties of Mr. Amar Singh. Find out the taxable Income from each house property for the assessment year 2025-26.

श्री अमर सिंह की दो मकान सम्पत्तियों के सम्बन्ध में निम्नलिखित सूचना उपलब्ध है। कर निर्धारण वर्ष 2025–26 के लिए प्रत्येक मकान सम्पति की कर योग्य आय की गणना कीजिए।

(Rs. in thousand)

| Particulars | X | y |
|---|---|---|
| Municipal value | 132 | 128 |
| Fair Rent | 136 | 120 |
| Standard Rent | 120 | 140 |
| Rent receivable if property let out throughout the year | 144 | 180 |
| Period of self occupation (in months) | 4 | 1 |
| Unrealised rent (in months) | 2 | 1 |
| Vacancy period (in months) | 1 | - |

Municipal taxes are levied @ 10% of municipal valuation of each property. Half of the municipal taxes have been paid by the owner.

प्रत्येक मकान सम्पत्ति पर इसके नगरपालिक मूल्य का 10% नगरपालिका कर लगता है। मकान मालिक ने आधे नगरपालिका करों का भुगतान कर दिया है।

**OR/अथवा**

Specify the expenses which are expressly allowed in computing taxable profits/project from business.

एक व्यापार के कर–योग्य लाभों की गणना करने में कौन से व्यय स्पष्टतया स्वीकृत है?

## Unit-III/इकाई-III

5. Mrs. Swati has acquired a residential house in Jaipur on 1st April, 2011 for Rs. 44,66,000. She decided to sell the same property on 8th may, 2013 to Mr. Ramesh and advance of Rs. 2,00,000 was taken from him. The balance money was not paid by Mr. Ramesh and hence Mrs. Swati had forfeited the entire advance sum. In April, 2018 she once again entered into negotiation for sale of the said property to Mr. Dinesh and received Rs. 3,00,000 as an advance. The transfer did not materialised and hence the advance was forfeited. On 30th May, 2024 she finally sold this house to Mr. Mahesh for Rs. 90,00,000. Compute the amount of taxable long term capital gain from the above transaction in the hands of Mrs. Swati" for the assessment year 2025-26. The cost inflation indices for 2011-12 : 184, for 2013-14: 220, 2018-19: 280 and 2024-25:363

श्रीमती स्वाति ने 1 अप्रैल, 2011 को एक आवासीय मकान जयपुर में 44,66,000 रूपये में खरीदा। उसने इसे 8 मई, 2013 को श्री रमेश को बेचने का निश्चय किया एवं उससे 2,00,000 रूपये अग्रिम प्राप्त किए। श्री रमेश द्वारा शेष राशि नहीं चुकाई गई इसलिए श्रीमती स्वाति ने सम्पूर्ण अग्रिम राशि जब्त कर ली। अप्रैल, 2018 में एक बार पुनः श्री दिनेश के साथ इस सम्पत्ति को बेचने का सौदा किया एवं 3,00,000 रूपये अग्रिम के रूप में प्राप्त किये। हस्तान्तरण मूर्त रूप नहीं ले पाया इसलिए अग्रिम राशि जब्त कर ली गई। अन्त में 30 मई, 2024 को उसने यह मकान श्री महेश को 90,00,000 रू में बेच दिया। उक्त व्यवहारों से श्रीमती स्वाति के कर–निर्धारण वर्ष 2025–26 के लिए कर योग्य पूँजी लाभों की गणना कीजिए। वर्ष 2011–12, 2013–14, 2018–19 एवं 2024–25 के लिए लागत वृद्धि सूचकांक क्रमशः 184, 220, 280 एवं 363 हैं।

**OR/अथवा**

What are the incomes which are included under the head' Income from other sources:

वे कौन सी आयें हैं जो 'अन्य साधनों से आय' शीर्षक के अन्तर्गत सम्मिलित की जाती है?

## Unit-IV/इकाई-IV

6. Explain the circumstances under which the income of other persons are included in the total Income f an assessee.

उन परिस्थितियों का वर्णन कीजिए जिनमें करदाता की आय में अन्य व्यक्तियों की आय जोड़ी जाती है।

**OR/अथवा**

Calculate total income and tax payable of Mr. Ram for the assessment year 2025-26 under old tax regime:

| | | Rs. |
|---|---|---|
| (i) | Income from salary (computed) | 1,20,000 |
| (ii) | Short term capital gain from equity shares arises on may, 2024 (before deducting STT) | 2,20,000 |
| (iii) | Securities transaction tax paid | 5,000 |
| (iv) | Interest from bank on savings account | 8,000 |
| (v) | Long term capital gain u/s 112 A arises on November, 2024 | 1,60,000 |
| (vi) | Donation for promotion of family planning | 20,000 |

श्री राम की कर निर्धारण वर्ष 2025–26 के लिए पुरानी कर व्यवस्था के अनुसार कुल आय तथा कर दायित्व की गणना कीजिए:

| | | रू. |
|---|---|---|
| (i) | वेतन से आय (आकलित) | 1,20,000 |
| (ii) | समता अंशों के विक्रय से अल्पकालीन पूँजी लाभ मई, 2024 में (प्रतिभूति व्यवहार कर घटाने से पूर्व) | 2,20,000 |
| (iii) | प्रतिभूति व्यवहार कर चुकाया | 5,000 |
| (iv) | बैंक बचत खाते से ब्याज | 8,000 |
| (v) | धारा 112 A के तहत दीर्घकालीन पूँजी लाभ नवम्बर, 2024 में | 1,60,000 |
| (vi) | परिवार नियोजन प्रोत्साहन के लिए दान | 20,000 |

*****